केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितीय तल, बी विंग, अगस्त क्रांति भवन
भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066.

संचिका सं. CICOM/R/2017/01178 दिनांक 25.09.2017

सेवा में,

श्रीमती माया देवी, पत्नी – श्री रमेश चन्द्र,

विषय- आयोग में प्राप्त आपके आर.टी.आई. आवेदन के संबंध में सूचना ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपका दिनांक 22.08.2017 का आर.टी.आई. आवेदन जिसे आपने दिनांक 18.09.2017 को प्रेषित किया है जो कि केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 20.09.2017 को डायराइज हुआ (डायरी सं. 166361) तथा दिनांक 21.09.2017 को आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में प्राप्त हुआ, के संदर्भ में वांछित सूचना निम्नानुसार है:-

**आपके द्वारा मांगी गई सूचना का धारक केन्द्रीय सूचना आयोग नहीं है । उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सूचना आयोग का जन सूचना अधिकारी केन्द्रीय सूचना आयोग से संबंधित सूचनाएं ही प्रदान कर सकता है जबकि आपने न्याययलयों/न्यायधीशों के अधिकार/दिल्ली पुलिस एवं सी.बी.आई. से संबंधित सूचनाएं मांगी है जिसे प्रदान करने में केन्द्रीय सूचना आयोग का जन सूचना अधिकारी असमर्थ हैं । अतः सुझाव है कि कृपया सूचना से संबंधित विभाग में आवेदन दाखिल कर सूचना प्राप्त करें ।**

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री आर. के. सिंह, अपर सचिव एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, अगस्त कांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली- 110066, दूरभाष सं. 011-26162290 पर की जा सकती है ।

अशोक कु शर्मा

**(ए. के. शर्मा)**
**केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,**
**आर.टी.आई.सेल**